Dainik Jagran, 23-Feb, 2014

गृहप्रवेश की नोएडा परियोजना शुरू

प्रेस कांफ्रेंस में चेयरमैन अभय कुमार के साथ डा. अजय कुमार

जासं, पटना : गृहप्रवेश बिल्डटेक नोएडा (एनसीआर) के सेक्टर 77 में आवासीय परियोजना शुरू की है। बुकिंग कराने को बोरिंग कैनाल रोड स्थित स्वर्णिका बिल्डिंग में 23 से दो मार्च तक प्रापर्टी फेयर आयोजित किया गया है। इस अवधि में बुकिंग कराने वालों को आठ फीसद की छूट और एक सोने का सिक्का दिया जाएगा। कंपनी के चेयरमैन अभय कुमार शनिवार को बाकरगंज स्थित रिपब्लिक होटल में अपनी बात रख रहे थे। कहा कि इस पांच एकड़ में फैली परियोजना का नाम भी गृहप्रवेश ही रखा गया है। इसमें 2बीएचके के साथ ही 3बीएचके के 125 फ्लैट हैं। 5000 रुपये प्रति स्क्वायर फुट रेट रखा गया है। परियोजना दिसंबर 2014 तक पूरी हो जाएगी। इसमें स्वीमिंग पुल, सीसीटीवी, 24 घंटे बिजली पानी, सुरक्षा, पार्किंग सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. अजय कुमार भी उपस्थित थे।